Near Karur also. there was a major accident. These acodients take veyy often; and suddenty. Travelling in trains not safe. I request the hon. Minister to evince much interest in modernising the safety measures in the trains That alone will give us assurance. Otherw'se, if no modernisation takes place, and if there is an increase in the number of trains as and when a reperntation zs,sse a sand when a representation comes from the MPs and the public, teh,n the result will be very disastrous. I request the hon. Minister of Railways to evince much interest in modernising the tracks. That is all.

SHRI SANATAN BISI (Orissa): I would like to draw the attention of the hon. Minister to the point that so far

as the statement is concerned, it is devoid of some particulars. For example, they have given 'consequential defects', but as per the report of the Commissioner of Railway Safety, for the year 1997-98—it has been clearly mentioned at page 26 under 'Periodic Inspections. — "'During the year the Commissioner carried out periodical inspection of 1,07,097.99 kilometres of railway tracks in the company with the Zonal Railway General Manager. Significant defects and deficiencies noticed during the inspection were discussed wtih the Railway Officer during such period." Inspection reports were furnished. But, here in the hon. Minister's Statement nothing has been mentioned about the periodic inspection that has been carried out during 1997-98 and what were the consiquential defects that were there as a result of which the accidents took place. So, the Statement of the hon. Minister is devoid of fundamental particulars.

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Sir, we are grateful to the hon. Chairman for admitting this Calling Attention Motion and giving us an opportunity to express our concern.

Sir, this issue of rail cracks and rail fractures is a technical issue. Only technical experts can say why an accident has taken place. The hon. Minister has detailed what can be the reasons. Sometimes multiple causes can be there, as has happened in the case of the Golden Express train accident. It was found that tthere was a crack or a snap in the drawhooker that caused detachment. After the detachment, the train moved one kilometre away from the place the detachment took place. A rail piece which having a fatiscent, was found. It has also appeared in the press Fatiscent can take place for many reasons. It can take place because of the increase in the hydrogen quantum. It may be because of the crack or because of the overage of the rail. It is basically a technical issue. So, technical persons should ponder over the matter and come out with a detailed report as to what are the basic causes of a great number of rail fractures.

Sir, marching order is sometimes necessary. Reorganisation is also necessary. So far as Railway is concerned, what is more necessary is the reorientation of approach. When I talk about the approach, I mean technical approach as well as the approach about the railway policy. During the last two decades you have brought in some internationally accepted train engines with increased horse-power. From locomotive to electricity, from electricity to diesel and from diesel engins you are bringing in foreign engines. But, you have not taken care of the tracks built during the British period. You are concentrating on gauge conversion. You are increasing the number of rakes. Sometimes 150 wagons are there in the goods trains and those engines are pulling them on the railway tracks built during the British period. Sir, no step has been taken to rebuild the broad-gauge railway tracks or to lay new lines. What is the use of blaming SAIL? Everybody knows that the Indian steel factories, which produce the rails, cannot technoligically maintain the hydrogen level required. The Railway Ministry knows it. So far as I understand stingent checking is made by the Department of Director General, safety itself as per the specifications of the Railways. Still heats carry a higher level of hydrogen. It is the reaaity. Therefore, whatever infrastructure you are having, whatever Railway building capacity you are having, whatever Railway track capacity you are having, whatever maintenance capacity you are having you have to plan according to that. Overpressure will not work. Secondly, regarding maintenance of tracks also your reforms is playing havoc. For example, contractorisation and reduction of the manpower are rampant. The Railway Minister can vough for me. Even your ultrasonic checking system had gone. Whatever is needed for ultrasonic checking, you are not doing it. You are not capable of doing it. I would not like to blame the Railway Ministry or the Ralway Board. The kind of finances that is required is Railway Ministry or the Railway Board. with regard to manual check-power that provided. is required

is not being provided. Even ing of tracks you had active gangmen. In every gang there were about 18 persons. Now, you have reduced it to 12 persons. Therefore, manual checking is also notional. Therefore, I think you have to change your approach. There should be altogether an integrated approath. Sinte pressure is there, a number of trains are pushed into the line which is degenarating. If you do not take care of the tracks and push through new trains with more haulage capacity, with more speed, then, it will be very dangerous. You bring in engines from outside which cannot move on our tracks I know that 70 per cent of the ABL engines which have been imported could not be Commissioned because of track condition. Therfore, I would suggest be a Safety Auditing Department at the ehtn Cw|R13'morespeed, ETA A OI that let there be a technical committee at the Railway Board level. If neces- the Minister himself can choose Members with technical background from both the Houses by forming a committee. The situation is grave. The human life is more important than anything. Please take care of it.

Lastly, I draw the Railway Minister's attention to the system of safety auditing. I do not know whether his Department is having a system of safety auditing. There should be some Safety Auditing in the Railways. As is prescribed in the existing law, there must be a Safety Auditing Department at the Central level also. But there is no system of safety auditing from outside the Railways. In the Mines Department and other Departments there are safety auditing system from outside agencies. I am a Member of the Parliamentary Standing Committee on Labour. I had visited, a number of Railway establishments. During the cross-examination of officials we found that no safety auditing system is there. It is dangerous. Over and above the Railway Board, there should be some third party. Either he should take the help of the Director General of the Safety or he should constitute something new or he should take the help of an internatoinal body as the ONGC is taking. ONGC do not have their own safety auditing system. You don't have any such auditing system. That is dangerous. Thank you very much.

SHRI C. P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, trains derail six days in a week. A train derails each day somewhere in the country. With 25000 unmanned crossings, an accident occurs every fifth day. Out of which 2/3 train accidnts are caused due to human failure. About two dozen recommendations have been made by the Commissioner of Railway Safety. On the 9th August, 1995, the Purushotham Express met with an accident; and more than 320 lives have been lost. Immediately after this accident, some recommendations were made. But so far those recommendations have not been implemented by the Railway Ministry. Recently, the Golden Express and the Sealdah Express collided; and more than 200 people died. Now, we want to know what the reasons are for the accident. There are several reasons which have been mentioned before this august body. Ultimately, it was found that the accident happened only because of the fissures, fractures and cracks in the railway lines. It is the official who are responsible for the callousness and for the accidents. Rules are there, guideliness are there and provisions are there, to look into the lines. But the Rules are not cared for the guidelines are given the go-by and the provisions have not been considered by the Railways at all. Sytem failure, poor track maintenance and absence of basic safety equipment are the reasons for the accidents occurring. This has been said by the Commissioner, Mr. Man,. The tracks are only seven years old and the tracks are expected to be there for 35 years. But within a period of seven years, the tracks are giving way and accidents have happened. What is the reason for the accidents? Simple devices such as the flash-amp and detenator-detector could have prevented the accidents. If the lamps have been used or exhibited properly, the accidents would not have occurred. The Northen Railway Chief Engineer is held respon-

sible. He ought to have conducted an ultrasonic scanning of the track. It was not done. If the ultrasonic scanning was reguarly done in a proper way, in a proper manner, the cracks would have been detected, on the rail. Faulty rails poor quality of rails and fish-plate manufacturing defects are responsible for the same. The SAIL has supplied improper material. Inferior material have been supplied by the SAIL. That is the main reasons for the accident. In the Delhi-Ambala line, every two kilometres, there are fissures. In the Delhi-Rohtak line, every kilometre, there are cracks available on the track.

I would like to say one thing with regard to Tamil Nadu. [The Nagercoil-Trivandrum train is not operating for the last one month.] The main reason for that is, the track is not in good order. At the time of laying the track itself, it was not laid properly.] Even now, they are not able to repair the track. For the past one month, there is no train at all. We are unable to know by what time the track would be got repaired.

Finally, I would say one thing. [In 1957, there was a big railway accident in Tamil Nadu. At that time, Lal Bahadur Shastri was the Minister of Railways. He resigned immediately after the accident. But we are not expecting our Minister now to resign because he is a very fine gentleman and whatever we demand for Pondicherry, he immediately sanctions. Let him continue. Our main prayer is, let there not be any furher accidents. Please take some more steps to prevent accidents.

Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI MD. SALIM): Shri Satish Pradhan.

श्री सतीश प्रधान (महाराष्ट्र) : धन्यवाद सर, मैं सबसे पहले सोलीपेटा रेड्डी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने यह विषय यहां निकाला और उसकी वजह से हमें यहां कुछ सत्य परिस्थितियां सामने लाने का मौका मिला। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि मंत्री जी ने जो बयान यहां दिया है वह देखकर—21वीं सेंचुरी की तरफ हमारे मंत्री जी रेलगाड़ी को जरूर लेकर जा रहे हैं और बहुत अच्छे ढंग से ले जाएंगे—यह भी विश्वास पूरी तरह से निर्मित हो रहा है। मैं इसके लिए भी उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

मैं सिर्फ दो तीन बातें क्लैरीफिकेशन के रूप में पूछना चाहता हूं। अभी-अभी हमारे यहां महाराष्ट्र में जलगांव में एक एक्सीडेंट हुआ। वह भी रेलवे ट्रेक में क्रेक होने की वजह से, रेल ट्रेक टूट गया और गाड़ी डिरेल हो गयी ऐसा बताया गया अभी उसमें जांच-पड़ताल आदि सब होते रहेंगे और रिपोर्ट आती रहेगी। लेकिन मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि हमारे यहां क्वालिटी कंट्रोल है और रेलवे के क्वालिटी कंट्रोल डिपार्टमेंट का बहुत अच्छा काम है वह आवश्यक है। लेकिन उनकी तरफ से जिस ढंग से इसकी पूरी संभाल होनी चाहिए जिस ढंग से इसका काम होना चाहिए वह काम होता नहीं है। ऐसा जगह-जगह हमें एक्सीडेंट्स की वजह से मालूम पड़ता है। तो क्या इस विषय पर सतर्क हो करके, इसको अच्छा करने के लिए कोई विशेष प्रावधान करने की योजना बना रहे हैं? वह क्या है, इस विषयवर जानकारी देने की आवश्यकता है, ऐसा मुझे लग रहा है। हम यहां जो वैल्डिंग करते हैं, उस वैल्डिंग के लिए क्या इस तरह की व्यवस्था या अल्ट्रा सोनिक की सुविधा कब तक उपलब्ध होने वाली है? आपने कहा है कि हम यह सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन यह सुविधा आज हमारे पास है या नहीं? अगर है, तो उसका ठीक ढंग से इस्तेमाल क्यों नहीं होता, और अगर नहीं है तो यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम क्या योजना बना रहे हैं और कब तक इस पर अमल होगा, यह भी बताने की कृपा करें? आपने इसमें बताया है कि "सडन फेल्योर इयू टू हाइ इंपैक्ट" यह अचानक लोड बढ़ने का मतलब क्या होता है और ऐसे अचानक लोड बढ़ने की परिस्थिति क्यों निर्मित होती है? यह दो कारणों से निर्मित हो

सकती है । एक ओरिजनल ट्रैक में शायद आपकी जो चेंज चल रही है और दूसरा अचानक ब्रेक इस्तेमाल करने की आवश्यकता के कारण अचानक लोड बढ़ेगा । उसकी वजह से वहां डेमेज हो सकता है । हमारी रोड्स भी उसकी वजह से डेमेज होती हैं। जब हम ब्रेक लगाते हैं गाड़ी को या कार को तो वहां लोड का अचानक निर्माण होता है। वहां खड्डा आ जाता है । इसलिए ऐसा नहीं भी हो सकता है लेकिन इसके लिए हमारे इंजीनियरिंग स्टाफ की तरफ से जो लोड वेयरिंग सिस्टम जो बनाते हैं, उसकी प्लानिंग बनाते हैं, उसका यूज करते हैं, यही हिसाब में ले कर हमारी प्लानिंग हो रही है या नहीं इस विषय पर भी आप जानकारी दें तो अच्छा रहेगा ? मैं यह भी पूछना चाहूंगा, हमारे पास मेंटीनेंस डिपार्टमेंट है और पुराने जमाने में हम ऐसा देखा करते थे कि हम रेलवे ले चलते थे, तो रेलवे के बगल से या बाजू से हम जायेंगे तो भी हम देखते हैं कि प्लेटफार्म पर गाड़ी खड़ी है । गाड़ी को चैक करने के लिए गाड़ी के जो व्हील या पहिए हैं या गाड़ी के बाकी सब पुर्जे हैं, उनको चैक करने लिए, हाथ में लंबा डंडा ले कर, उसको छोटी हथौड़ी लगा कर वह ठक-ठक करके घूमता था और चैक करता था । अभी यह सब सिस्टम बंद हो गया है। यह आपने बंद किया है और सब लोगों को आपने उधर से हटा दिया है । तो उसके बदले में आपने नए लोगों को ले करके क्या कोई मॉडर्न तकनीक इस्तेमाल करना शुरु किया है ? जिस ढंग से यह सभी जो चैकिंग चल रही थी वह चैकिंग आज भी कायम है और ठीक ढंग से चल रही है ? यदि वह ठीक ढंग से नहीं चलती है तो उसके लिए, आप क्या प्रावधान करने वाले हैं? यदि आपका कहना ऐसा है कि हमारा चैकिंग का नया सिस्टम ठीक ढंग से चलता है, तो फिर ये एक्सीडेंट होने का क्या यही कारण है या दूसरा कोई कारण है, यह भी बताने की कृपा करें ? मैं यह भी बताना चाहूंगा कि हम जो प्रचेज करते हैं, मैटीरियल प्रचेज करते हैं, रेल प्रचेज करते हैं, उसका पोलाक जो है उसकी क्वालिटी जगह-जगह बदली होती है, चेंज होती है । मुझे अनुभव ऐसा है कि मुंबई में सबर्बन रेलवे के उधर जो ट्रैक लगाए है, वह ट्रैक कुछ अर्सा, एक-दो साल के लिए लगाए गए । स्पेशली इंपोर्ट करके ट्रैक लेकर आए और लगाए । कुछ दिनों के बाद पता चला कि ये अच्छे नहीं थ और वे पूरा लोड संभाल नहीं सकते । इसलिए ये बदलने पड़े । इसका मतलब ऐसा है कि हमारे जो यहां काम करने वाले हैं, जो क्वालिटी कंट्रोल वाले हैं, जो प्रचेज करने वाले हैं, इन सब लोगों के अंदर एक-दूसरे के साथ जो तालुकात होना चाहिए वह नहीं होता है । यह सब क्या हो रहा है, इस विषय पर भी आपको जानकारी देने की आवश्यकता है और यह सब सुधार करने के लिए आगे आप क्या करने वाले हैं, इस विषय पर भी आप जानकारी दें ? धन्यवाद ।

रेल मंत्री (श्री नीतिश कुमार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाया गया है और उसके जवाब में जो लिखित उत्तर सदन के सामने है, उस में यह प्रयास किया गया है कि रेल फेलुअर या वेल्ड फेलुअर के क्या कारण है, कितनी संख्या में यह हो रहे हैं, ये बढ़ रहे हैं या घट रहे है और उन को दुरुस्त करने के लिए कौनसी कार्यवाही की जा रही है । उपसभाध्यक्ष महोदय, खासकर पिछले दिनों जो कुछ बातें प्रकाश में आई हैं—खन्ना रेल दुर्घटना, उसके बाद कुछ और दुर्घटनाएं प्रकाश में आती रहीं व पिछले दिनों उत्तर रेलवे में दिल्ली अम्बाला सेक्शन और इसके अलावा दिल्ली जिंद भटिंडा सेक्शन में भी दो खास किस्म की घटना घट गयी जबकि आम तौर पर ऐसी घटनाएं नहीं घटतीं। हम उसको अभूतपूर्व तो नहीं कह सकते अन-प्रेसीडेंटेड तो नहीं बोल सकते हैं लेकिन साधारणतः ऐसी घटनाएं नहीं घटतीं । उसके संदर्भ में भी रेल फेक्चर वेल्ड फेलुअर की बातें प्रकाश में आई हैं।

जहां तक खन्ना रेल दुर्घटना का सवाल है उसके बारे में इस सदन ने चर्चा की है । मेरा उस पर वक्तव्य था जिस पर काफी स्पष्टीकरण पूछे गए थे और उस पर मैंने जो भी जानकारी हमारे पास थी वह जो जानकारी यहां चाही गयी थी उसका खुलासा किया था।

उस बात को यहां दोहराने से सदन का समय बर्बाद होगा इसलिए मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता हूं लेकिन खन्ना में जो इतनी बड़ी दुर्घटना हो गयी मने उस दिन भी यह बात बताई थी कि खन्ना म मूल दुर्घटना डिरेलमेंट की थी और ट्रेन दो हिस्सों में टूट गयी थी व दूसरी तरफ उसका कुछ हिस्सा दूसरे ट्रैक को इंफ्रिज करता हुआ गिर गया और लगभग उसी समय दूसरी तरफ से एक रेलगाड़ी आ गयी जिसके कारण इतनी भयानक दुर्घटना हुई । उपसभाध्यक्ष महोदय इस दुर्घटना को रोकने के लिए किसी भी प्रकार का मैकेनिज्म हमारी रेलवे के पास या दूसरी रेलवे के पास है इसकी जानकारी नहीं है । दुनियां की दूसरी रेलवे के पास भी ऐसा कोई साधन, ऐसा कोई एक्यूपमेंट है जो एक मिनिट के अंदर ऐसी बात हो तो उसको रोक दे यह जानने का मैंने बहुत प्रयास किया रेलवे बोर्ड के अधिकारियों से भी चर्चा की कि ऐसा कोई इक्यूपमेंट हो कम्युनिकेशन डिवाइस हो तो बताएं, सामने लाएं । उपसभाध्यक्ष महोदय अभी तक ऐसा कोई डिवाइस या ऐसी कोई व्यवस्था दुनियां के किसी दूसरे रेलवे के पास भी नहीं है जो एक मिनिट के अन्दर सब कुछ हो और उसको रोक ले । इसलिए उसको मैंने कहा कि हादसा है। दूसरी तरफ से ट्रेन आई और टक्कर हुई। उसको कोई रोक नहीं सकता क्योंकि रेल के ड्राइवर को भी यह नहीं मालूम था कि उसका एक हिस्सा टूट गया है और दूसरी रेल पर जा चुका है व उसी बीच में दूसरी तरफ से गाड़ी आ गयी। इसलिए वह एक अलग किस्म की घटना है हादसा है जोकि हम सब लोगों के लिए कलंक का विषय है, लेकिन उसका उस समय कोई उपाय नहीं था । पर आपको जानकारी होगी कि कुछ ही दिन बाद साउथ-ईस्टर्न सेक्शन में इसी प्रकार की एक घटना हुई जबकि जगन्नाथ एक्सप्रेस रात में वैसे ही जा रही थी और वह तीन बजे रात की घटना थी, यह दो बजे रात की घटना थी लेकिन उसमें दूसरी तरफ से जो ट्रेन आ रही थी उस के जाने में दो या तीन मिनिट का समय था और वह दुर्घटना होने से रोक दी गयी । ड्राइवर ने फ्लैशर भी ऑन किया, दूसरे सेफ्टी रूल्स के मुताबिक उसने कदम उठाए और दूसरी तरफ से आने वाली गाड़ी पहल ही रुक गयी जिस के कारण खन्ना के बाद जो दूसरी दुर्घटना हो सकती थी, उसको उन्होंने रोक दिया । यह इस बात का परिचायक है कि हमारे पास ऐसे डिवाइस हैं कि अगर कुछ समय हो तो हम ऐसी दुर्घटना रोक सकते हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, इतना समय तो होना चाहिए कि एक गाड़ी डिरेल हो जाए तो उसके ड्राइवर, गार्ड या किसी और को दूसरी तरफ से आ रही गाड़ी को कोई-न-कोई खतरे की घंटी बजाने का मौका मिल सके । अब घंटी तो नहीं होगी, लेकिन उसका जो सिग्नल हो सकता है, फ्लैशर लाइट हो या झंडा दिखाना हो या कैकर छोड़कर या और कई तरह के उपाय हो सकते हैं जिनसे इस तरह दूसरी तरफ से आने वाली ट्रेन को आगाह करने का जो साधन उपलब्ध है, उसका उपयोग कर सके और चेतावनी दे सके । अगर उतना भर समय मिल सके तो दुर्घटना टाली जा सकती है। यानि एक पखवाड़े के अंदर इस तरह के दो उदाहरण हमारे सामने आए, एक जिसमें बिल्कुल हम नहीं टाल सकते है क्योंकि समय इतना कम था और दूसरा, जिसमें समय था, तीन मिनट का समय था और उस दुर्घटना को टाला गया । दूसरी घटना भी घट गई, जो बहुत ही दुखद है क्योंकि एक डीरेलमेंट तो हुआ, भले ही उसमें जान-माल की क्षति न हुई हो । मैंने यह एक उदाहरण के तौर पर आपके सामने रखा है ।

महोदय, जो सेफ्टी डिवाइस की बात की जाती है, तो जो आज सेफ्टी डिवाइस है उनकी सीमाएं हैं ! यह न सिर्फ अपनी रेलवे में, इंडियन रेलवे में बल्कि वर्ड रेलवे में भी सीमाएं हैं । आज का जो विषय है, वह स्पेसिफिक विषय है और वह रेल फ्रेक्चर और रेल फैल्योर को लेकर है । रेल फैल्योर और रेल फ्रेक्चर है, जो दुर्घटनाएं प्रकाश में आई हैं, वह खासकर

दिसम्बर के महीने में बहुत ज्यादा प्रकाश में आई है। रेल विभाग का मंत्री सोने के नाते हमलोगों को इस तरह की दुर्घटनाओं की खबर मिलती रहती है। दिसम्बर के महीने में यह पाया गया है कि जाड़े के मौसम के कारण इस ढंग की घटनाएं बढ़ती हैं रेल फ्रेक्चर की और गरमी के दिनों में रेल के बकल होने की दुर्घटनाएं होती हैं। अब लोग वेल्डेड रेल हैं, लोग वेल्डेड रेल का मतलब है कि कई रेलों को जोड़कर के लम्बी दूरी तक हम ले जाते हैं और बाद में जाकर के थोड़ा हम गैप देते हैं। पहले वाला फिश-लेट ज्वायंट का रेल नहीं है कि हर 13 मीटर पर एक ज्वायंट है, खट खट खट रेल चली जा रही है, स्पीड कम है यानि कम स्पीड से लोड हम ले सकते हैं। अब धीरे धीरे विकास हुआ है टैक्नोलोजी का और यह लोग वेल्डेड रेल आ गई है, जिनके साथ उनकी मेंटीनेन्स के भी नार्मस हैं। उनको डीस्ट्रेसिंग भी करना पड़ता है। काफी तनाव वह लेते हैं, अपने में काफी टेंशन वह पालते हैं। इसलिए थे०टी०एस० एक पैमाना बनाया गया है, अल्टीमेंट टेन्साइल स्ट्रेन्थ। पहले हम 72 यूटीएस की रेल चलाते है। देखा गया कि उससे काम नहीं चलने वाला है तो 90 यूटीएस की रेल आई और यह 90 यूटीएस की रेल आज चल रही थे। चाहे वह 77 के.जी. की रेल हो या 52 के.जी. की रेल हो, लेकिन 90 यूटीएस की रेल हम अब लगा रहे हैं। तो इनके अपने मेन्टीनेन्स के नार्मस के हिसाब से बताया जा रहा है उसको। काफी हद तक उसका पालन कर रहे हैं।

महोदय, दुर्घटनाएं घट रही हैं रेल फैल्योर और वेल्ड फेल्योर की। मैंने पूरी उसकी जांच-पड़ताल की है। थोड़ा इसका बैकग्राउंड है लिखाई पढ़ाई के कारण और इसलिए हमारी दिलचस्पी है। अगर इसकी गहराई में जाने की जरुरत होती है तो हम बैठकर जाने की कोशिश करते हैं। हम कोई एक्सपर्ट नहीं हैं और फिर कोई भी राजनीति में बैठा हुआ व्यक्ति, उसकी पढ़ाई-लिखाई जो कुछ भी हो, इस काम को उसने किया तो नहीं है। चाहे व्यक्तिगत रूप से हम हों या राम नाईक जी हों या हमारे पहले जितने हमारे प्रिडिसेसर हों, हम तो 21वें रेल मंत्री हैं, तो जो भी हों, कोई उनसे यह उम्मीद नहीं करता कि उसकी तकनीकी पक्ष को वह जानें, तकनीकी समस्या का समाधान ढूंढे। आखिर इतना बड़ा रेलवे बोर्ड है, इतना बड़ा सिस्टम है, वे तकनीकी पक्ष को देखने के लिए है। लेकिन, जब इन विषयों पर चर्चा की तो मैंने पाया कि रेलवे के अधिकारी भी हतप्रभ हैं। आप देखेंगे, जैसा अभी कहा गया, फेल्योर की घटनाएं घट रही हैं, फेल्योर की घटनाएं बढ़ नहीं रही हैं। पिछले साल की तुलना में या उसके और पिछले साल की तुलना में या और पीछे के सालों में जाएं और देखें तो पाएंगे कि उसकी तुलना में बहुत कम दुर्घटनाएं हो रही हैं। पिछले साल को ही ले लें तो पिछले साल की तुलना में फेल्योर की घटनाएं कम हुई हैं, एक्सीडेंट की घटनाएं कम घटी है। आश्चर्य की बात है या मेरा दुर्भाग्य है कि पेसेंजर ट्रेन की दुर्घटनाएं ज्यादा हुई। ओवरऑल दुर्घटनाओं की संख्या को देखते हैं तो वह संख्या घट गई है रेल फैल्योर या एक्सीडेंट में, लेकिन पेसेंजर ट्रेन की दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। अब म आपसे यह पूछता हूं जो कि पूरे बोर्ड और अपने अधिकारियों से भी पूछता हूं कि आखिर, इसका कारण क्या है? तो वह भी इसका उत्तर देने में सक्षम नहीं है। वह भी नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर, कारण क्या हैं। मैंने पूछा है उनसे कि दिसंबर के महीने में क्यों यह दुर्घटनाएं बढ़ी हैं।...**(व्यवधान)**...

[उपसभाध्यक्ष (श्री सनातन सिंह) पीठासीन हुए]

महोदय, मैं बहुत ही सफाई के साथ इन बातों को आपके सामने रखना चाहता हूं। कुछ फिगर्स आती हैं, उसमें हम देख रहे हैं कि बरसात के दिनों में भी कोई अलग किस्म की घटनाएं घट जाती हैं। यदि मोटे तौर पर मौसम से रिलेटेड यह हों, इसका कोई अध्ययन नहीं है।.... **(व्यवधान)**

श्रीमती कमला सिन्हा (बिहार): कहीं राम जी तो नाराज नहीं हो गए? ...**(व्यवधान)**...

श्री नीतिश कुमार : नहीं, नहीं। वह सब बात नहीं है। जरा, मुझे अपनी पूरी बात कह लेने दीजिए। डीरेलमेंट तो हो रहा है, आप चाहें तो डिबेट को भी डीरेल कर लीजिए। उसमें मुझे कोई एतराज नहीं है। ...**(व्यवधान)**... ऐसे ही डिरेलमेंट हो रहा है, डिनेट का भी डिरेलमेंट झेल लेंगे। कोई बात नहीं। **(व्यवधान)**...

तो जो हकीकत है, मैं उसको आपके सामने, सदन के सामने रख रहा हूं कि यह कोई स्टडी नहीं है कि आखिर पिछले दिनों पैसेजर ट्रेनस की दुघटनायें क्यों घट गई, यह कोई स्टडी नहीं है। फिर आप आश्चर्य करेंगे, जब मैंने जानकारी ली रेल फ्रेक्चर और रेल के बारे में कि क्या इस पर दुनियाभर में कोई स्टडी है, तो जैसा मैंने उत्तर में बताया कि एक ज्वाइंट स्टडी अब शुरू हुई है, अब उसका नाम गिनाने की जरूरत नहीं है, लिखित उत्तर में है, उसमें दिया हुआ है कि यूरोपीय रेल इसमें पार्टिसिपेट कर रही हैं, चाइनीज रेल पार्टिसीपेट कर रही हैं, रशियन रेल हैं, इंडियन रेलवे है, ये सब पार्टिसिपेट कर रहे हैं इस में। यू0आई0सी0, अन्तर्राष्ट्रीय रेल यूनियन का एक प्रोजेक्ट बना है, लेकिन उसकी रिपोर्ट सन 2000 के उत्तरार्ध में आयेगी। एक माननीय सदस्य ने पूछा कि यह रिसर्च भारत में कहां हो रही है, तो वह आर0डी0एस0ओ0 में हो रही है, वह भारत का हिस्सा है, आर0डी0एस0ओ0 में हो रही है और पूरी तौर पर यूरोपीयन रेल रिचर्स इंस्टीट्यूट इसको कोआर्डिनेट कर रही है। लेकिन उसकी रिपोर्ट आयेगी, 2000 के बाद उस पर एक स्टडी होगी। अब देखिये, साहब, रेल भी लोहे की बनी हुई है और उस पर चलने वाली व्हील भी लोहे की बनी हुई है, लेकिन रेल और व्हील में जो इंटरेक्शन है, इस पर भी कोई खास स्टडी नहीं है। कभी-कभी थोड़ा-बहुत काम आर0डी0एस0ओ0 में होता है और जो अधिकारी आर0डी0एस0ओ0 में कुछ दिन के लिये जाते हैं, कुछ उसमें काम करते हैं, फिर वे दूसरी जगह पोस्टिड हो जात हैं और जानकारी भी उनके साथ चली जाती है, कोई परमानेंट रिकार्ड भी नहीं है। इसलिये फैसला लिया गया कि रेल-व्हील इंटरेक्शन पर भी स्टडी होनी चाहिये। कई तरह की घटनायें घटती हैं। यह देखा गया है कि रेल की जो उपरी सतह है, उस पर क्या प्रक्रिया होती है। रेल और व्हील के बीच जो इटरेक्शन होता है उसका क्या इफेक्ट आता है, इन सब चीजों पर कोई एक स्थाई अध्ययन नहीं है, जिस अध्ययन का लाभ लिया जा सके और जिस अध्ययन के लाभ से सुधार के कदम उठाये जा सकें – मजबूती के लिये भी, मैंटेनेंस के लिये भी और रोकथाम के लिये भी। तो इसलिये हम लोगों ने यह फैसला किया है, अभी फैसला किया है, कि रेल-व्हील इंटरेक्शन पर परमानेंट काम जारी रह सके, काम हो सके, इसलिये रुड़की में एक वेयर क्रिएट की जाय, एक सीट क्रिएट की जाये। रुड़की वालों ने कहा कि अगर रेलवे पूरा 50 लाख रुपया एक बार जमा कर दे तो हम एक प्रोफेसर की सीट क्रिएट कर देंने और यह परमानेंट काम होता रहेगा हमारे किसी इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में इस पर कोई अध्ययन, स्पेसिफिक स्टडी नहीं हो रही है। इसलिये निर्णय लिया गया कि स्पेसिफिक स्टडी इस पर हो और रुड़की को यह काम हम लोग दे रहे हैं और रेलवे की ओर से वह सीट क्रिएट करने के लिये फंड का आबंटन किया गया ताकि वहां एक स्थाई तौर पर अध्ययन हो और उसका लाभ रेलवे को भी मिले और दूसरी जगह पर मिले। दुनिया के दूसरे मुल्क भी उस अध्ययन का लाभ उठा सकते हैं। तो ये कुछ ऐसी बुनियादी बातें हैं जिनके बारे में आप हमसे जवाब चाहगे, हम रेलवे के अधिकारियों से जवाब चाहगे, किसी के पास उत्तर मिलता नहीं है, लेकिन हकीकत यह है कि ये घटनायें घटती चली जा रही हैं।

अब मेंटेनेंस की बात आई, गुरुदास दासगुप्त जी ने कहा कि यह जो लांग वेल्डिड रेल्स हैं, नई किस्म की रेल आ गई हैं और इसकी मेंटेनेंस का काम ऐसे ठेकेदारों को दें दिया गया है जिनके पास कोई तकनीकी ज्ञान नहीं है। मैं यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि मेंटेनेंस का काम ठेकेदारों को नहीं दिया जाता। मेंटेनेंस में अगर कोई फेल्योर होता है तो उसके लिये पूरी की पूरी जवाब देही रेलवे की खद की है। किसी ठेकेदार

के जरिये एल0डब्ल्यू0आर0 में किसी मेंटेनेंस का काम नहीं होता । हां, उसको लगाने का काम, नई रेलवे लाइन बिछाने का काम ठेकेदार करते हैं, बालूलास्ट फिलिंग का काम ठेकेदार लोग करते हैं लेकिन एल0 डब्ल्यू0आर0 की मेंटेनेंस का काम, जैसा मुझे बताया गया है, वह नहीं बल्कि रेलवे के अधिकारी करते है और, बहरहाल, जो भी काम ठेकेदार करते है, उस पर सुपरविजन रेलवे के अधिकारियों का होता है, अगर कोई फेल्योर है तो हम ठेकेदार का फेल्योर मानकर

(उपसभापति महोदया पीठासीन हुई)

अपनी जान नहीं बचा सकते । अगर कहीं भी फेल्योर है तो सीधी जवाबदेही रेलवे की है, उन्हीं से त्रुटि होती है । जब चर्चा आई, इस घटना के बाद तत्काल, जो एक नियम है, कमिशनर, रेलवे सेफ्टी से जांच की बात आई । मैंने महसूस किया कि चूंकि बहुत अधिक जान-माल की हानि हुई है, चीफ कमिशनर, रेलवे सेफटी की जांच करनी चाहिये । तो चीफ कमिशनर रेलवे सेफटी ने जांच की और प्रिलिमनरी रिपोट भी उन्होंने अध्ययन करके दी । प्रिलिमनरी रिपोर्ट एक-दो समाचार-पत्रों में भी छपी है, आपने उस बात को भी रखा है । हम उस प्रिलिमनरी रिपोर्ट को डिनाई नही कर रहे हैं । प्रिलिमनरी रिपोर्ट का आपने उल्लेख किया है, जिस में उन्होंने कहा है अल्ट्रासोनिक फ्लां डिटैक्टर का इस्तेमाल किस इटरवल पर होना चाहिये, किस तरह से होना चाहिये । उसमें 2 परिपाटियां अपनाई जाती हैं – एक है नीड वैस्ट जो शियन सिस्टम है । दूसरा है कन्वेंशनल मैथड । नीड वेस्ड रशियन सिस्टम है इस लिये कि उसमें जल्दी-जल्दी अल्ट्रासोनिक फ्लां डिटैक्टर का इस्तेमाल करके डिटैक्शन कर लेते हैं और उसको देखते रहते हैं जल्दी जल्दी, –फ्रेचर अगर ज्यादा बढ़ जाता है तो उसको हटा देते हैं, नहीं तो उसी पर रेल चलाते रहते हैं । यह नीड वेस्ड है । जो कन्वेंशनल मैथड हम लोगों का है, उसके हिसाब से उसकी एक फ्रीक्वेंसी निर्धारित की गई है । कितना ग्रास मिलियन टन प्रतिवर्ष कोई रेल की पटरी बहन करती है, उसके आधार पर उसकी फ्रीक्वेंसी निर्धारित की जाती है । यह कन्वेंशनल है । नीड वेस्ड होना चाहिये, इसके बारे में आर.डी.एस.ओ. की सिफारिश थी और रेलवे की अपनी मंशा भी थी लेकिन उतने ज्यादा अल्ट्रासोनिक फ्लां डिटैक्टर हमारे पास नहीं है । अब इसके बारे में यह फैसला हुआ है कि इसको जहां से भी प्राप्त करना पड़े, अपने देश के सोर्सेज से मिले, अपने देश से पूरा न मिले तो बाहर से लाना हों तो लायें लेकिन उसके साथ कोई कंप्रोमाईज नहीं हो सकता । अब यू.एस.ए फ.डी. की जरूरत ज्यादा है तो वह ज्यादा मंगाया जायेगा और इसमें साफ तौर पर निर्देश दिया है कि इसके बारे में क्या साधन की जरूरत है यानी सेफ्टी के मामले में साधन की जो भी जरुरत है, सबसे उच्च प्राथमिकता देकर उसको पूरा किया जाये लेकिन आप सभी जानते हैं कि साधन सीमित हैं । सेफटी के साथ कोई कंप्रोमाईज नहीं किया जा सकता लेकिन साधन सीमित हैं । वही साधन है, उनसे आप मेंटेनेंस का काम ले लें, वही साधन है, उनसे हम नयी रेल लाइनें बिछा दें, वही साधन है, उनसे हम डबलिंग काम कर लें, वही साधन है, उनसे हम गेज कन्वर्जन कर लें **(व्यवधान)**

SHRI JIBON ROY: There should be a balance.

उपसभापति : अच्छा, जवाब देने दीजिये । उनको फलो टूट जायेगा । आप खींच रहे हैं, चैन मत खींचिये ।

(*Interruptions*) Let him finish.

श्री सतीश प्रधान : गाड़ी को ब्रेक मत लगाओ ।

श्री नीतिश कुमार : इसी में तो एक्सीडेंट हो जाता है ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: It is going like a Shatabdi Express.

THE DEPUTY CHAIRMAN: At least it is not derating. Why should he derail it?

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दिल्ली): फलो टूट गया **(व्यवधान)**

श्री नीतिश कुमार : फलो टूटना, क्या वह तो गाड़ी जब चलेगी तो चल पड़ेगा ।

उपसभापति : लिंक कमजोर नहीं है उनका ।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर देश) : साधन सीमित है, काम बहुत है, यह कह रहे थे आप ।

श्री नीतीश कुमार : हम लोगों ने अपने स्टेटस पेपर में इस बात का उल्लेख किया है । प्रोजेक्ट्स की स्थिति पर व्हाईट पेपर भी हमने रख दिया है । जो हमारे साधन हैं, जिस ढंग का बजटरी सपोर्ट है और इंटर्नल रिसोर्स मोबिलाईजेशन है, इसके अलावा मार्केट बोरोइंग है, इन तीन सोर्सेज से कुल मिलाकर हमारा प्लान तय होता है और उसके हिसाब से हर जगह हम खर्च करते हैं । यह तो हम सबको तय करना पड़ेगा । मांग आती है कि यहां रेल लाईन बिछा दीजिये । कहा जाता है कि पैसा कम है तो लोग कहते हैं कि चलिये, हमारे यहां तो करा दीजिये, बाकी फिर देख लीजियेगा ।

अब गेज कन्वर्जन है । गेज कन्वर्जन चला । इस दशाब्दी की चीज है । आप पूछेंगे तो हमारे पास सब फिगर्स उपलब्ध हैं । आखिर पैसा तो सीमित है । एक बार यूनीगेज को एक फिलासफी के रूप में रेलवे मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया । मैं कोई उसकी आलोचना करने के लिये यहां खड़ा नहीं हुआ हूं लेकिन जो हकीकत है उसे मैं आपके सामने रखना चाहता हूं । एक बार यूनीगेज का दौर चला तो यूनीगेज के लिये पैसे नहीं थे । तो आपको सब चीजों से काटना पड़ा । तो पैसे तो कटेंगे, दूसरी मदों से कटेंगे । उससे मेंटेनेंस की मद भी अफैक्ट हुई, रिन्यूअल की मद भी अफैक्ट हुई । महोदय, इस सदन में और दूसरे सदन में भी मैंने इस बात को बताया है कि 10,000 किलोमीटर से अधिक ओवरडयू है ट्रैक रिन्युअल । पिछले सालों की तुलना में हमने ट्रैक रिन्यूअल की मद में पैसा बढ़ाया है लेकिन जो भी उपलब्ध था, उसी के हिसाब से हम बढ़ा पाये हैं । एकबारगी उतना पैसा हम कहां से लायें? आप हमारी आर्थिक स्थिति जानते हैं, जो इक्नामिक सिनेरियो है, उसे जानते हैं । यहां भूतपूर्व वित्त मंत्री और विपक्ष के नेता बैठे हुये हैं । दूसरे भूतपूर्व वित्त मंत्री भी बैठे हुये हैं, तीसरे भूतपूर्व वित्त मंत्री भी बैठे हैं । कांग्रेस के बैंच पर तीन तीन भूतपूर्व वित्त मंत्री बैठे हुये हैं.... (**व्यवधान**)

SHRI PRANAB MUKHERJEE (West Bengal): How many *bhoots*.

SHRI JIBON ROY: Mr. Minister, if you yield for a minute... (*Interruptions*)

श्री नीतीश कुमार : अच्छा, अब यील्ड कर जायेंगे बाद में, इसलिये स्थिति पर हम बता दें ।

SHRI JIBON ROY: Mr. Minister, if you yield to me for a minute...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, Mr. Jibon Roy, you cannot ask the Minister.

SHRI JIBON ROY: I am just helping him. When you have introduced the Status Paper...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, you don't help him.

श्री सतीश प्रधान : (**व्यवधान**) मंत्री जी को पूरा बोलने दो, सिर्फ भूतपूर्व बोल देते हैं, बीच में रुक जाते हैं ।

SHRI JIBON ROY: बात ऐसी है कि When you introduced the Status Paper before the House, at that time you assured us that you would organise a discussion, a mass level discussion because the question of balance is important, and as far as we know except in one place, you have not gone with the 'Status Paper on he Railways' to the other sections of the population. You assured us that you will organise a mass discussion on this.

श्री नीतीश कुमार : ठीक है, आपके सवाल को हम बाद में डील कर देंगे । लेकिन मेरे कहने का मतलब है कि जो पैसे सीमित हैं और इस बार जो साधन की आर्थिक स्थिति है उसके बारे में सब लोग जान रहे हैं । हमारी लोडिंग कम हो रही है और खास करके हमारा जो प्रोग्रोस ट्रेफिक है वह कम हो रहा है और धीरे-धीरे आपने रेलवे को जिम्मा दे दिया कि तुम ज्यादा प्रोग्राम ट्रेफिक को ही मीट करो, कोर सेक्टर को ही

मीट करो। जो हमारी दूसरी तरफ से अर्निंग थी, पीस मील से थी वह सब धीरे-धीरे आप लोगों के जमाने से बन्द होती गई। आज स्थिति है – अदर गुड्स हमारा कम है– 8 परसेंट, 7 परसेंट, 9 परसेंट और जो आपका प्रोग्राम ट्रेफिक है वही ज्यादा है। तो प्रोग्राम ट्रेफिक की आप हालत जान रहे हैं। पावर प्लांट का कोयला नहीं ले रहे हैं। एक दिन हमने रिव्यू किया तो पता चला कि हमारे 100 रैक डिफ्रेट पावर हाउसेज के बाहर खड़े हैं, वह अनलोड नहीं कर रहे हैं। तो यह तो हालत है। स्टील सेक्टर से वही हो रहा है। जो हम लोग कच्चा माल ढोते हैं उसके हिसाब से वही हाल हुआ। तो सब मिला करके जो प्रोग्राम ट्रैफिक है उसमें कमी आई है और वह कमी रेलवे की कोई गलती के चलते नहीं आई है और दूसरी तरफ अदर गुड्स ट्रैफिक में हम अर्निंग करने के लिए स्ट्रेटेजी एडोप्ट कर रहे हैं, बढ़ा रहे हैं। अर्निंग इम्प्रूव करेंगे, हमको पूरा भरोसा है, यह बात एक अलग चीज है। लेकिन अगर कहीं हमारी अर्निंग घटेगी तो उसका असर तो पड़ेगा, हम पैसा कहां से लाएंगे ? तो उस हालत में कहने का मतलब कि एक तो सीमित पैसा है और उसको हमने ऐसे काम में लगाया जो इंतजार कर सकता था। गेज कंवर्जन कोई ऐसी चीज नहीं थी, माल की ढुलाई होनी चाहिए, पेसेंजर्स का आवागमन होना चाहिए था। वह ब्रोड गेज से होता है या मीटर गेज से होता है यह उतना महत्व का विषय नहीं था। हम जिस ब्रोड गेज का इस्तेमाल अपने देश में कर रहे हैं– दुनियां में कहां है ब्रोड गज ? पाकिस्तान में, आपके यहां, कुछ बंगला देश में और हममें ज्यादा ब्रोडर गेज रशिया में है। लेकिन बाकी दुनियां में तो जो हमारा ब्रोड गेज है और हमारा मीटर गेज है उसके बीच में स्टैंडर्ड गैज है और उसकी हमसे कम शंटिंग कोसिटी नहीं है। हममें ज्यादा स्टील एक्सिल लोड लेते हैं। कहने का मतलब कि गेज से एक्सिल लोड का कोई संबंध नहीं था, लेकिन एडोप्ट किया गया और आप लोगों के जमाने में एडोप्ट किया गया और वह जब एडोप्ट किया गया तो उस पर पैसा लगाया गया और सब तरफ का पैसा काट करके लगाया गया। आज हमने उसमें थोड़ी कमी की है। आपकी इजाजत होगी तो और आगे उसी स्ट्रेटेजी पर चलेंगे लेकिन पैसा तो खर्च हुआ और सफर मेंटीनेंस ने किया और आज हमारे सामने सामने उसकी नौबत आ रही है उसका नतीजा भुगतने के लिए हम तैयार हैं ऐसे वक्त में हम लोग यहां पर पहुंचे हैं कि उसका फल, दुष्परिणाम सामने आ रहा है और उसका जवाब देने के लिए हमको खड़े होना पड़ा है। लेकिन सोच समझ करके और उसके बारे में एक प्रोग्राम बनाया जाना चाहिए था। आपने गेज परिवर्तन का तो निर्णय ले लिया। 28 हजार किलोमीटर रेल लाईन मीटर गेज और नेरो गेज के थे। इतना बिल्कुल बड़े पैमाने पर हवा बनाने के बाद और खूब बवंडर मचाने के बाद कितना कर पाए हैं ? गेज परिवर्तन कुल 8 हजार किलोमीटर के आसपास हुआ है, 20 हजार किलोमीटर फिर भी बचा हुआ रह गया है। इसको पूरा करने में कितना समय लगेगा और क्या सब पैसा काट करके हम उसी में लगादें और फिर रोज इस ढंग की घटनाएं घटें और कोई रेल मंत्री हो वह जवाब दे कि हम क्या कर सकते हैं। तो यह तो सारी चीजों पर आपको विचार करना पड़ेगा। तो अब इतनी ट्रेन चलाई जा रही हैं, हर साल मांग हो रही है उनको मेंटीनेंस का पूरा समय नहीं मिल पाता। यहां पर बैठे हुए सभी माननीय सदस्य चाहे इस सदन के हों या उस सदन के हों हम भी एम० पी० हैं पहले, तब मिनिस्टिर हैं। हम पर भी दबाव है जनता का अपने-अपने क्षेत्र का। सबकी इच्छा होती है कि कोई ट्रेन हो या ट्रेन को अपने क्षेत्र तक ले जाएं।... **(व्यवधान)**...

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Madam, the hon. Minister is not saying anything new. He is taking shelter under the demands of the hon. Members. .... *(Interruptions)*...

SHRI NITISH KUMAR: Mr. Vayalar Ravi, some hon. Members have raised certain points, and I am responding to their points. ..*(Interruptions)*...

SHRI T. N. CHATURVEDI (Uttar Pradesh): He wants to make his presence felt that he is back to the House. ... (*Interruptions*)...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: The hon. Minister is not specific.

श्री नीतीश कुमार : मैं स्पेसिफिक रेप्लाई देता जा रहा हूं। गुरुदास दासगुप्त जी, आप तो बोलकर बाहर चले गये। इस बीच दूसरे माननीय सदस्यों ने जो सवाल उठाए हैं उनके स्पेसिफिक क्वेश्चन्स का आनसर दे रहा हूं। जैसा सवाल होगा, वैसा ही जवाब होगा। ...व्यवधान...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: He is still an M.P., Madam.

THE DEPUTY CHAIRMAN: He was in your place before. So, he knew how to harass a Minister. He knows how to harass an M.P. also.

SHRI JANARDHANA POOJARY (Ktrnataka): Madam, with your permision, I want to say something we have been listening to the reply of the hon. Minister for the last half-an-hour. He has not taken it very seriously. It is a very serious matter. I am sorry to say this.

SHRI NITISH KUMAR: I take strong objettion to this remark.

SHRI JANARDHANA POOJARY: He is expressing his helplessness.

SHRI NITISH KUMAR: I take strong objection to this remark. Kindly go through the proceedings. I take strong objection to this. I am quite serious. I am all the time serious. He cannot accuse me of non-serviousness. .... (*Interruptions*)...

SHRI MD. SALIM (West Bengal): Madam, we have been listening to the Minister.

SHRI NITISH KUMAR: I know the hon. Member from that House. I know him for a long time ... (*Interruptions*)..

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ...(*Interruptions*) ...

SHRI NITISH KUMAR: I know how much serious you are. What do you know about it? You go on shouting that I am not serious. What is this? .... (*Interruptions*)...

उपसभापति : मंत्री जी बैठिय... (व्यवधान)... नीतीश कुमार जी आप बैठ जाइये। ...(व्यवधान)...

SHRI NITISH KUMAR: The hon. Member was not present in the House when the debate was going on, and now his saying that the Minister is not serious ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI SHABANA AZMI: (Nominated): It is an aasolutely unfair charge.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. Just one minute. Certain questions were put. If the Members have put certain questions, the Minister is trying to answer them in his own way. He cannot answer the way the Members want. I will request tre Minister to be brief because we have their business also.

आप बैठिए ना जी... (व्यवधान)... मैंने आपसे क्या कहा है?... (व्यवधान)... जस्ट वन सैकेण्ड, अपनी सीट पर बैठिए।

Now please don't ..(*Interruptions*).. *Interruptions*)...

श्री नीतीश कुमार : हमें जितना संक्षेप में कहेंगे, हम उतना कहेंगे। क्योंकि मेम्बर्स ने रेज किया है इसलिए कह रहा हूं। मैडम, जो सवाल उठाय गए है, जो-जो बातें प्रियोरिटी के बारे में कही गई हैं कि आखिर सेफ्टी हो और मेन्टेनेन्स को टॉप प्रियोरिटी देनी चाहिए। यह बिल्कुल सही बात है। मैं इसको इलोबोरेट कर रहा था और में उस बात का समर्थन कर रहा था। इसको रिफ्लेक्ट होना चाहिए। आपसे भी हम यह चाहते हैं। हमने शुरू में ही इस सवाल को रखा है। जो स्पेसिफिक सवाल उठाए गए हैं, मने उन सवालों का जवाब

देने की कोशिश की है। मेरी समझ में गुरुदास दासगुप्त जी ने जो सवाल उठाए थे, मोटेतौर पर मने उनके सवालों को कवर किया है। यह सभी के लिए चिंता का विषय है। मैं एक प्वाइन्ट मेन्शन करना चाहता हूं। माननीय सदस्य ने सेफ्टी आडिट की बात कही है। अक्तूबर महीने में ही, नवम्बर से सेफ्टी आडिट लागू कराने के लिए हमने फैसला ले लिया है और सेफ्टी आडिट करने के लिए आदेश भी निर्गत किए जा चुके हैं। जोनल लेवल पर और रेलवे बोर्ड के स्तर पर भी सेफ्टी आडिट टीम बहाल की जा सकती है। इस बारे में पहले ही फैसला लिया जा चुका है। मेन्टीनेन्स और उस पर रेस्पांसिबिलिटी नीचे से ऊपर तक फिक्स की जा सके, इसके लिए गाइडलाइन्स इश्यू किये जा चुके हैं।

श्रीमती कमला सिन्हा : क्या टाइम फ्रेम बना है?

श्री नीतीश कुमार : जी, हां टाइम फ्रेम है। कम है। इसके अलावा मेंटिनेंस 4.00 P.M. के लिए जो नार्म्स हो सकते हैं उनको अप-डेट करके, उनको अभी इसी वर्ष अगस्त 1998 में इश्यू किया है। सारी कार्यवाहियां जारी हैं। लेकिन इसमें जो कुछ हुआ है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसका कोई एक्सक्यूज नहीं है। जब तक हम एक्सीडेंट को बिल्कुल समाप्त नहीं कर लेते हैं, जब तक हम फल्योर्स को समाप्त नहीं कर लेते हैं तब तक किसी के लिए यह चैन की बात नहीं हो सकती है। जो स्थिति थी, वह मैंने सदन के सामने रखी है। म माननीय सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने इस गहन मुद्दे पर सदन का ध्यान आकृष्ट किया। यहां पर जो भी सवाल उठाए गए हैं यह हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के विषय होंगे और इसके लिए जितनी राशि की जरुरत होगी वह मुहैया कराई जाएगी और इसके लिए सारे कदम उठाए जायेंगे। रिस्पांसबिलेटी, ऊपर तक जहां कहीं भी जाएगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा। इस संदर्भ में मुझे यही कहना है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, statement by Minister. (*Interruptions*) Mr. Minister, there is a statement by Mr. Khurana. Do you have anything to say?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI RAM NAIK): Madam, on reconsideration, we have decided not to make the proposed statement because it mainly pertains to the Lok Sabha Members. So, we are not making the statement.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Okay, ... (*Interruptions*) ...

THE PATENTS (AMENDMENT) BILL, 1998

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI SIKANDER BAKHT): Madam, I beg to move.. (*Interruptions*) ...

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bangal): Madam, before we go to the next item, you will recall, we went to the hon. Chairman and mentioned to him that majority of the parties in this House are opposed to introduction of the Bill on patents. He told us that those object to this should be given some opportunity to explain to the House why we object to the introduction of the Bill. If you permit me, Madam, I will make a few points. (*Interruptions*).

SHRI PRANAB MUKERJEE (West Bengal): Madam, I am on a point of order. (*Interruptions*)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Biplab babu, let me hear the point of order. (*Interruptions*)

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Madam, I am on a point of order under rule 67 of the Rules of Procedure and Conduct of Business. It says: "When a Minister moves a motion for introduction